Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 180 ▫ रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई
# 2 युवकों की दर्दनाक मौत
### कार में मिली शराब की बोतलें






**दुर्ग, 23 जुलाई (हाईवे चैनल)।** इस्पात नगरी भिलाई में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह लगभग 4 बजे गुंडिचा मंडप के सामने सेक्टर-9 से सेक्टर-6 की ओर जाने वाले मार्ग पर हुई। कार क्रमांक सीजी 07 एमबी 5986 तेज गति से जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिसके बाद कार सीधे सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और 112 की टीम ने दोनों युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला स्थित मर्चुरी भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान दीपक गुप्ता (23 वर्ष) पिता राजबली गुप्ता, निवासी सड़क क्रमांक 50, क्वार्टर 8/एफ सेक्टर-6 भिलाई तथा कौशिक दास (15 वर्ष) पिता स्वर्गीय चंदन दास, निवासी सड़क क्रमांक 33, मकान नंबर 3/ए, सेक्टर-6 भिलाई के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में कार के भीतर से शराब की बोतलें और नमकीन के पैकेट भी मिले हैं। हालांकि दुर्घटना का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसे के समय वाहन कौन चला रहा था और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। भिलाई नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटा रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## ट्रक और वन विभाग की बोलेरो में आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत, छह गंभीर घायल

**गरियाबंद, 23 जुलाई (हाईवे चैनल)।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इदागांव और ध्रुवागुड़ी के बीच शाम करीब 6:30 बजे उस समय हुआ, जब वन विभाग की बोलेरो वाहन और एक ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य अस्पतालों में उपचार के लिए भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक की पहचान और घायलों के नामों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा की जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात बाधित रहा।

## पेपर लीक विवादः पीएम मोदी बोले- दोषियों को जल्द सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएगी सरकार

**नई दिल्ली, 23 जुलाई (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पेपर लीक मामलों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा, पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने, मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित विभागों और अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दे दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा, विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की



श्रृंखला में ये एक अहम कदम है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में छात्रों-युवाओं का प्रदर्शन जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, युवाओं का हित और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है और संकल्प भी।

### सीजेपी का पलटवारः कहा- मरहम नहीं, पेपर लीक रोकने की व्यवस्था चाहिए; शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा

नीट-यूजी पेपर लीक विवाद और छात्रों के विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने और दोषियों को जल्द सख्त सजा दिलाने की घोषणा की। इस पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पेपर लीक के मूल कारणों पर सवाल उठाए। आशुतोष रांका ने कहा कि पेपर लीक इसलिए हो रहे हैं क्योंकि व्यवस्था में नाकाबिल लोग बैठे हैं। रांका ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक अपना आंदोलन जारी रखने की घोषणा की।

## एक मिनट लेट आने की सजाः शिक्षक की पिटाई से छात्र के सिर पर आई चोट, केस दर्ज

**बालोद।, 23 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में मिडिल स्कूल के 12 वर्षीय छात्र को सॉर्ट रिसेस के बाद 1 मिनट लेट आना उस वक्त महंगा पड़ गया, जब शिक्षक ने गाली-गलौज कर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना में छात्र के सिर में चोट आई है, जिसके चलते उसका अस्पताल में इलाज कराया गया और शिक्षक के खिलाफ डौंडीलोहारा थाना में मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के एक मिडिल स्कूल का है। परिजनों की शिकायत के अनुसार, मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक लोकेश्वर निषाद ने कक्षा 7वीं के 12 वर्षीय छात्र के साथ गाली-गलौज और मारपीट की है।

## महानदी जल विवादः केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की पहल पर समाधान की जगी उम्मीद

**नई दिल्ली/रायपुर, 23 जुलाई (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच लंबे समय से लंबित महानदी जल विवाद को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान तोखन साहू ने कहा कि महानदी जल विवाद का संतुलित, न्यायसंगत एवं समयबद्ध समाधान दोनों राज्यों के लाखों नागरिकों की जल सुरक्षा, किसानों की आजीविका तथा क्षेत्रीय विकास



के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने इस विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से दूरभाष पर चर्चा की। इस सकारात्मक पहल के बाद, अब शीघ्र ही ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बीच इस विषय पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे विवाद के शीघ्र और संतोषजनक समाधान की उम्मीद जगी है।

